हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025



# राईस मिलर्स ने नहीं की सप्लाई, स्टॉक में तीन गुना कम चावल अगले महीने अटक जाएगा पीडीएस दुकानों में राशन वितरण!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

अलग खबर

कस्टम मिलिंग के तहत धान का उठाव करने वाले जिले के मिलर्स पर्याप्त मात्रा में चावल जमा नहीं कर रहे हैं। मिलर्स की लापरवाही के चलते राशन वितरण का कार्य प्रभावित हो सकता है। हालत यह है कि हर महीने राशन वितरण के लिए 75 हजार क्विंटल चावल की जरूरत होती है, परन्तु स्टॉक में तीन गुना कम केवल 20 हजार क्विंटल चावल ही शेष है।

मिली जानकारी के अनुसार मिलर्स को जारी साल में 57 लाख क्विंटल धान का उठाव करना था। इसके एवज में मिलर्स को नॉन व एफसीआई में 39 लाख 17965 क्विंटल चावल जमा करना था, लेकिन अब तक सिर्फ 22 लाख 17420 क्विंटल ही चावल जमा किया है। मिलर्स द्वारा चावल जमा नहीं करने से नॉन का गोदाम खाली हो गया है। ऐसे में गरीबों को चावल वितरण करने में समस्या हो सकती है।

गौरतलब है कि पिछले सीजन जिले में समर्थन मूल्य में 70 लाख क्विंटल की धान खरीदी हुई थी। जिसमें करार के तहत मिलर्स ने 57 लाख क्विंटल धान का उठाव किए हैं। मिलर्स द्वारा मार्च माह में ही लक्ष्य का 57 हजार क्विंटल धान उठाव कर चुके हैं। इस धान के एवज में मिलर्स को 39 लाख 17965 क्विंटल चावल नॉन व एफसीआई में जमा करना था, लेकिन मिलर्स द्वारा अब तक सिर्फ 22 लाख 17420 क्विंटल ही चावल जमा किया है। इसकी वजह से नॉन व एफसीआई के गोदाम खाली हैं और पीडीएस के तहत राशन वितरण करने में समस्या हो सकती है।

## जिले की 812 पीडीएस दुकानों से होता है हर माह राशन का वितरण

### हर माह 75 हजार क्विंटल चावल की आवश्यकता

मिली जानकारी के अनुसार जिले में 907 सरकारी राशन दुकान संचालित की जाती है। इसमें 812 दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम से मिलर्स द्वारा जमा कराए गए चावल की सप्लाई होती है। इन राशन दुकानों में नॉन द्वारा 75 हजार क्विंटल चावल सप्लाई किया जाता है। जबकि मौजूदा वक्त में गोदाम में सिर्फ 20 हजार क्विंटल चावल का ही स्टाक शेष है। ऐसे में आने वाले माह में राशन वितरण का काम पटरी से उतर सकता है।



### 87 मिलर्स से अनुबंध

ज्ञात हो कि हर साल धान के उठाव को लेकर मार्कफेड मिलर्स के साथ अनुबंध करता है। बीते साल जिले में मार्कफेड ने खरीदी केन्द्रों से धान उठाव करने के लिए 87 मिलर्स से अनुबंध किया है। मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों से 57 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिसमें नान में नॉन व एफसीआई में 22 लाख क्विंटल ही चावल जमा किया गया है। जबकि पर्याप्त मात्रा में चावल जमा नहीं होने के चलते राशन वितरण में दिक्कतें आ रही है।

### कनकी सप्लाई की शिकायतें

ऐसी शिकायतें भी सामने आ रही है कि कस्टम मिलिंग की आड़ में राईस मिलर्स जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव के बाद मिलरों ने खुले बाजार में बेचकर करोड़ों रुपए का मुनाफा कमा लिया है। गुणवत्तायुक्त चावल की जगह खराब स्टॉक जमा कराया जा रहा है। कई राशन दुकानों में कनकी मिले चावल की शुरू से ही सप्लाई की जा रही है। ऐसे में भौतिक सत्यापन किए जाने से बड़े मामले का खुलासा हो सकता है।

# नकली खोवा सहित रंग का हो रहा उपयोग! जांच रिपोर्ट आने तक बिक जाएगी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

दीपावली पर्व को लेकर जगह-जगह मिठाइयों की दुकानें सजी हुई है। इन दुकानों में मिठाइयों को आकर्षक बनाने के लिए अधिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाई दुकानों में जाकर मिठाइयों के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट आने तक सारी मिठाइयां बिक जाएगी। ऐसे में लोगों की सेहत से खिलवाड़ साफ दिखाई दे रहा है।



दीपावली पर्व के अवसर पर सैकड़ों किलो मिठाइयों की खपत होती है। इन मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर अक्सर सवाल भी उठाते हैं। मिलावटी खोवे से लेकर मिठाईयां के रंगों, कथित चांदी के वर्क हानिकारक होते हुए भी यह बाजार में बिकते हैं। इन मिठाइयों की मिलावट, इसकी गुणवत्ता को जचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांच कार्रवाई करते हुए सैंपल लिया जाता है और इसे प्रदेश के एकमात्र जांच लैब रायपुर में भेजा जाता है, जहां से इसकी रिपोर्ट आने में लगभग एक से डेढ़ माह का वक्त लग जाता है। ऐसे में अगर किसी मिठाई की गुणवत्ता, उसकी शुद्धता खराब भी निकलती है, तो उसे मामूली जुर्माना लगाया जाता है। वहीं दूसरी तरफ खराब गुणवत्ता वाली लाखों रुपए की मिठाइयां बिक जाती है।

### स्वास्थ्य के लिए हानिकारक अधिक रंग

दीपावली बाजार में इन दिनों तरह-तरह की रंग-बिरंगी मिठाइयां नजर आ रही है। इन मिठाइयों को आकर्षक बनाने के लिए अधिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। पहले मिठाइयों में काफी हल्का रंग प्रयोग होता था। जिसमें ज्यादातर नारंगी और चॉकलेट कलर ही डाले जाते थे, लेकिन अब लाल, पीले, नीले, हरे, बैगनी सभी तरह के रंगों का उपयोग कर मिठाइयां बनाई जा रही है।

### कम कलर वाली मिठाई लेने की अपील

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अब तक जिलेभर के अलग-अलग प्रतिष्ठानों से लगभग 11 विधिक व 10 से अधिक निगरानी नमूना सहित लगभग 20 से अधिक खाद्य सामग्रियों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु जब्त किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नागरिकों एवं मिष्ठान्न विक्रेताओं से अपील की गई है कि अधिक रंगीन मिठाइयों से परहेज करें।







श्री राधे
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
आपके शहर खैरागढ़ जिला में
नया आवासीय कॉलोनी
प्राकृतिक वातावरण के बीच आपके मन को आनंदित करने वाला
मैरिज गार्डन, क्लब हाऊस, जीम, बैडमिंटन कोर्ट, कार पार्किंग, सुपर बाजार,
स्विमिंग पूल, 24 घंटे सिक्यूरिटी गार्ड की सुविधा सी.सी.टी.वी. कैमरा से निगरानी, मंदिर
chandu flex kgh
श्रीजी विहार
फेस-2
प्री. बुकिंग चालु
ग्राम तथा नगर निवेश नगर पालिका एवं रेरा से डायवर्टेड अनुमति प्राप्त कॉलोनी
प्लाट बुकिंग प्रारंभ
रोड, नाली, बिजली,
पानी की व्यवस्था के साथ
मो.- 7746058677
श्रीजी विहार कॉलोनी
प्रो.- श्रीमती प्रतिभा राजेश कुमार मिश्रा
सरस्वती शिशु मंदिर के सामने, खैरागढ़ छुईखदान मार्ग लाराबंध खैरागढ़


BAJAJ FINSERV
0 डाऊन पेमेंट पर
फाईनेंस सुविधा
LG
लगातार 36 सालों से आपकी सेवा में
इलेक्ट्रानिक्स
& फर्निचर्स
का अनुपम संग्रह
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहाँ सोफा, एल लक्जरी सोफा, आलमारी,
कुलर ईत्यादी आर्डर पर बनाया जाता है
LED TV
में 3 वर्ष की
वारंटी
LLOYD
LG Nilkamal SAMSUNG Haier HAVELLS VOLTAS Whirlpool DAIKIN
आशीष स्टोर्स
इलेक्ट्रानिक्स & फर्निचर्स
दिगम्बर जैन मंदिर के पास, दीवान बाड़ा, खैरागढ़
आपका विश्वास हमारी पूंजी, आपकी सेवा हमारा सौभाग्य
मो.- 8349051715
9009351715


दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चंद्रिका प्रसाद डड़सेना
खुज्जी विधानसभा


दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जगजीत सिंह भाटिया
उपाध्यक्ष, जिला भाजपा राजनांदगांव


दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कांता साहू
मंडल अध्यक्ष, भाजपा छुरिया


आप सभी को
दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री संजय सिन्हा
अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरिया
श्री प्रशांत ठाकुर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरिया
जनपद पंचायत छुरिया




दीपावली की हार्दिक बधाई
शुभ दिवाली
बोधन सिंह
सरपंच
ग्राम पंचायत मानपुर नाका




दीपावली की हार्दिक बधाई
प्यारेलाल
सरपंच
ग्राम पंचायत लंझियाटोला


दीपावली की हार्दिक बधाई
संदीप वैष्णव
सरपंच
ग्राम पंचायत गोपालपुर


दीपावली की हार्दिक बधाई
प्रकाश जंघेल
अध्यक्ष
सरपंच संघ, छुईखदान


दीपावली की हार्दिक बधाई
चेतन वर्मा
सरपंच
ग्राम पंचायत बीरूटोला




## सार समाचार

### तेलगान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** छुरिया के ग्राम तेलगान में 18 अक्टूबर को लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। उन्होंने धनतेरस अवसर पर आयोजन समिति श्री सिद्धिविनायक परिवार एवं ग्रामवासियों को बधाई देते कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा और लोककला को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों के आत्मीय स्वागत और उत्साहपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजू सिन्हा, पूरन नेताम, महेश यदु, हेमलाल साहू, शंकरलाल यदु, सबल सिंह, मोजीराम साहू, जगदीश श्रीवास, बेदाराम साहू, मोहन दास मानिकपुरी, मंथिर साहू, खेदूराम साहू, पुणेशराम साहू, पतिराम साहू, तेजराम साहू सहित आयोजन समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जोशीलमती में पथ संचलन आयोजित



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जोशीलमती मंडल (छुरिया) में शताब्दी वर्ष के अवसर पर भव्य विजयदशमी उत्सव एवं वृहत पथ संचलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवक देशभक्ति गीतों के साथ कदम से कदम मिलाकर ग्राम जोशीलमती में मार्च करते एकजुटता और राष्ट्रीय भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया। बौद्धिक सत्र में अध्यक्षता करते पंचराम साहू ने संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते निरंतर समर्पण भाव से संघ कार्य में जुटे रहने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता कृष्णा सिंह बौद्धिक प्रमुख जिला अंबागढ़ चौकी ने संघ की शताब्दी यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि देश, समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए तन-मन-धन से निःस्वार्थ भाव से राष्ट्रकार्य में योगदान देना प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में देवकुमार साहू, टाकेश्वर साहू, घासी साहू, डीएल चंद्रवशी, चित्रागन साहू, आत्माराम चंद्रवंशी, लक्ष्मण साहू, मुनीराम यादव, हुकुम साहू, संतोष साहू, रामकुमार विवेकानंद साहू, दिनेश साहू, डुकेश्वर साहू, शंतराम टेमन साहू, अलखराम, लखन साहू, भुपेंद्र साहू, धनंजय साहू, राधेलाल, देवनंदन साहू, उमेद साहू, मेनका साहू, पंच प्रज्ञा साहू, ओमलता साहू, रूपा साहू, अमीन चंद्रवशी, हेमिका प्राची साहू, खोमेशवरी संतोषी, देवांगन, लता साहू, छोटी साहू सहित खंड एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### धामनसरा में 24 को 'लोक चिन्हारी भरधरी' कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** ग्राम धामनसरा में 24 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित भव्य कार्यक्रम "लोक चिन्हारी भरधरी" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पटेल परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य स्वर हेमलता पटेल एवं रागी दीनबंधु साहू अपने सहयोगियों के साथ लोक प्रस्तुति देंगे। आयोजकगण केजनाथ, सुमन पटेल, बरातु, झांसी पटेल, स्व. परमेश्वर, रेखा पटेल, तुलसीराम पटेल, गणेशराम, गायत्रीबाई, युवराज, जामुनबाई, जीवराखन लाल, सरस्वतीबाई सहित अन्य ग्रामीणों ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### झालाटोला में 21 को छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झालाटोला (छुरिया) में 21 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के रामचंद्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत नाच पार्टी ग्राम मुड़माडी पोस्ट काकोडी तहसील देवरी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) की प्रस्तुति होगी।

### 22 को छत्तीसगढ़ी नाचा

**राजनांदगांव।** दीपावली अवसर पर ग्राम जोशीलमती में छुरिया सत्यम युवा मंच गौरा चौक के संयोजन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें अमर ज्योति नाचा पार्टी कुल्हारदो (मोहला) अपनी शानदार प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कलश को 1000 की प्रोत्साहन राशि देकर समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन समिति में अध्यक्ष चित्रांगन साहू, उपाध्यक्ष नकुल साहू, कोषाध्यक्ष मोहन साहू, सचिव होल्कर निषाद, सहसचिव मुकेश साहू, राकेश साहू, सदस्यगण राजेश साहू, माखन निषाद, भुवन साहू, भगवान दास, प्रेम कुमार, प्रकाश साहू, बिसम्बर, थनेश साहू, धिनाजी निषाद, प्रितम साहू, सोमनाथ निषाद, भूपेंद्र साहू, तरन साहू, बेदू साहू, सोमन साहू, नेहरू साहू, लुमेश सेन, तुकेश, चंद्रकुमार चंद्रावंशी, डुकेश्वर साहू, वेद कुमार, ठागेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, कुमलेश्वर निषाद, निलू निषाद, भोला साहू, देवकुमार, दीनूराम, राधेश्याम साहू, तोकेश साहू, किशन साहू, लोकेश, पोमेश, मोनू साहू, धन्नजय साहू, पुरन साहू एवं ग्रामवासी शामिल हैं। उक्त जानकारी चित्रांगन साहू द्वारा दी गई।

### महापौर व कलेक्टर ने साफ-सफाई कार्य का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने



नवागांव सेनिटेशन पार्क, सिंथेटिक ट्रैक निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल, यातायात नगर में साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक तौर पर अभियान चलाकर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कार्य सतत जारी रखने तथा मॉनिटरिंग करने कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## इस दीवाली वार्डो में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था

# 51 वार्डों में लगी एलईडी लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस दीवाली वार्डों में पर्याप्त रोशनी एवं कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहां पर लाइट नहीं लगी थी। जिससे नागरिकों को रात में आने-जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से डर बना रहता था, वहां नगर निगम द्वारा नई लाइट लगाने तथा विद्युत पोलों की खराब लाईटे बदलने की कार्रवाई की जा रही है।

साथ ही लाईटों का मरम्मत भी किया जा रहा है। अब तक नगर निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 600 नई एलएईडी लाईट लगाई गई है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा व वार्डों में पर्याप्त रोशनी को दृष्टिगत रख दीपावली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है।

महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के वार्डों के विद्युत खंबों में वार्डवासियों के लिए आवश्यकतानुसार लाईट लगाई जाती है। समय-समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है। निगम के विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे कर चिन्हांकित किया गया और सर्वे अनुसार 51 वार्डों में 10-10 लाईट के हिसाब से 500 से अधिक लाईटे लगाई जा चुकी है एवं जीई रोड में लगाने की कार्रवाई की जा रही है। जिससे दीपावली त्योहार में जिस क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त है, वहां रोशनी से जगमगा उठे। महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है। जिसके आधार पर पार्षदों से मांग प्राप्त हो रही है। मांग अनुसार अतिशीघ्र लाईट लगाने की कार्रवाई की जाएगी। निधि से लाईट खरीदने अनुमति मिल जाने से वार्ड में अंधेरे से छुटकारा मिलेगा और सभी वार्डों में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था होगी।



#### खराब लाइटों की मरम्मत भी

महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली में वार्डों में पर्याप्त रोशनी को ध्यान में रख वार्डों की खराब लाईटें एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट की आवश्यकता थी, वहॉ लाईट लगाने की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 51 वार्डों में लगभग 500 नई लाईट आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगाई गई है तथा जीई रोड में लगाने की कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार लगभग 600 नई लाईटें लगाई गई है तथा 675 खराब लाईटें मरम्मत की गई है, शेष लाईटें मरम्मत भी की जा रही है।

### खदान के पानी में मिला युवक का शव

**राजनांदगांव।** ग्राम मनगटा क्षेत्र में एक युवक का शव खदान के पानी में देखा गया। जिससे आसपास क्षेत्र सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनगटा बाहरा नगर गिट्टी खदान तालाब के पानी में एक युवक का शव मिला है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सावंत कुमार बड़ा 32 निवासी शिवाजी नगर कुरूद रोड के रूप में हुई है। मृतक इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया है। स्टाक मार्केटिंग इन्वेस्टमेंट का कार्य करता था। पुलिस के मुताबिक स्मृति नगर भिलाई में गुम इंसान दर्ज है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक परीक्षा का आयोजन संस्कार उ.मा.विद्यालय अंबागढ़ चौकी में किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के स्तर से परिचित कराना और उन्हें प्रतियोगी वातावरण में अपनी क्षमता का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करना था।

इस मॉक परीक्षा में कुल 525 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के चेहरों पर सीखने की ललक और सफलता पाने की चाह साफ झलक रही थी। आयोजन स्थल पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में तिलक सोरी ने विशेष मार्गदर्शन दिया।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र को शिक्षा से सफलता में बदला



**मानपुर।** वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सामने आ रही है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से वामपंथ उग्रवाद तथा हिंसा से ग्रस्त रहा है। औंधी क्षेत्र के दस स्थानीय आदिवासी युवाओं ने, जिनमें दो युवतियां भी शामिल है, कर्मचारी चयन आयोग और छत्तीसगढ़ पुलिस कांस्टेबल की चुनौतीपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पास किया है।

यह सफलता बदलाव का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो गढ़चिरौली और बस्तर-कांकेर जिलों की सीमा से लगे इस समुदाय में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाती है।

#### सुरक्षा से सफलता की राह

हाल की शैक्षणिक उपलब्धियां आईटीबीपी के लगातार और सटीक नक्सल विरोधी अभियानों का सीधा परिणाम हैं, जिन्होंने स्थानीय एलडब्लूई नेतृत्व को खत्म कर एक सुरक्षित वातावरण बनाया है।

#### जीवन बदलने में आईटीबीपी की भूमिका

सफल उम्मीदवारों को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 27वीं बटालियन के सामरिक मुख्यालय में सम्मानित किया गया। रायपुर से लगभग 205 किमी दूर तैनात इस बटालियन को उसके औंधी कंपनी ऑपरेटिंग बेस से संचालित एक महत्वपूर्ण दो वर्षीय करियर काउंसलिंग और शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने सराहा जा रहा है। मानपुर में 27वीं बटालियन आईटीबीपी के कमांडेंट विवेक कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने युवाओं का अभिनंदन किया और उन्हें अपने समुदाय के लिए बदलाव का महत्वपूर्ण एम्बेसडर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।




# सड़क सुरक्षा पर नागरिकों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर परिवहन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला आगमन पर विश्व शांति विश्व पदयात्री व रथयात्री, पर्वतारोही टीम के साथ यातायात, परिवहन, सड़क सुरक्षा पर नागरिकों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत चौक-चौराहों पर मोटर साइकिल चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही हेलमेट पहने चालकों को पुष्पगुच्छ देकर प्रोत्साहित किया गया। मोटरयान नियमों का उल्लंघन करने वाले को हार पहनाकर नियमों का पालन करने व मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की गई।


नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को हार पहनाकर नियमों का पालन करने तथा चार पहिया वाहन चालकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनने का आग्रह किया गया। नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल बोरी, युगांतर पब्लिक स्कूल सुंदरा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को



यातायात, सड़क सुरक्षा व पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत एवं सेवा पखवाड़ा के तहत परिवहन मंत्री केदार कश्यप के डोंगरगढ़ आगमन पर यातायात सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। साथ ही सेवा पखवाड़ा के तहत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए बस स्टैंड से शासकीय मेडिकल महाविद्यालय पेंड्री तक निःशुल्क बस एवं ई-रिक्शा सेवा की सुविधा उपलब्ध



# जैन एजेंसी

विक्रेता :- पॉलिथिनस बैग, सीट्स नेवार, रस्सी, तालपत्री एवं जनरल मर्चेंट




मेन रोड, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) मो. 7000988977,9425246613

# न्यू प्रगति केन्द्र






ASIAN PAINTS, HARDWARE PARTS, GODREJ LOCK
BOSCH POWER TOOL, ESSCO SANITARY(JAQUAR)













पता : दर्रीपारा, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.) मो. 9773055344,9425558979

जिलेवासियों को दीपावली पर्व एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# श्रवण बोरवेल्स एवं टेक्निकल सेंटर

दर्रीपारा कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)




श्रवण चंद्रवंशी
मो. 9752116572
अर्जुन चंद्रवंशी
मो. 834906581
रामशरण चंद्रवंशी
मो. 8827825286

हमारें यहां : 4,6,8 इंच बोर खनन एवं सबमर्सिबल पंप मोनो ब्लॉक स्प्रींकलर पाईप, नोजल सेट, वेयर मोटर के अधिकृत विक्रेता


देशलहरा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
उत्तम क्वालिटी के 9 रत्न एवं
1-14 मुखी नेपाली रुद्राक्ष उपलब्ध
समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पता : महावीर स्वामी चौक, कवर्धा 9575345678


अमित लॉज
ठहरने का सर्वोत्तम स्थान
बस स्टैण्ड के पास-कवर्धा
दीपावली, गोवर्धन पूजा
एवं भाईदूज पर्व की समस्त क्षेत्रिवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
सतीश चन्द्रवंशी
जिलाध्यक्ष
चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज,
जिला-कबीरधाम
विनीत : – अमित कंट्रक्शन कवर्धा, जिला कबीरधाम


समस्त जिलेवासियों को
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
Happy Diwali
आशा तम्बोली
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
श्याम तम्बोली
ठेकेदार, कवर्धा


समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा पंजीयन हेतु अधिकृत
विजय एग्रो
रेडियंस हॉस्पिटल के सामने बायपास रोड, कवर्धा प्रो. विनय वैष्णव मो. 9630792144, 9406329021
पहले आओ
पहले पाओ
ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र
विजय कृषि केन्द्र
21 वर्षों से लगातार किसानों की सेवा में तत्पर


दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
BHORAMDEV PALACE
BHORAMDEV PALACE
LALPUR ROAD KAWARDHA
भोरमदेव
मैरिज पैलेस
प्रो. रुद्र प्रताप सिंह
सर्व सुविधायुक्त कमरे, हॉल, गार्डन की सुविधा उपलब्ध है।
पता- भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के सामने कवर्धा मो. 9406282666


समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Diwali
सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाएं, प्रकृति की सुंदरता बनाएं
: विनीत :
अध्यक्ष - संतोष बोथरा, उपाध्यक्ष - अतुल देशलहरा
सचिव - अजय बोथरा (अज्जु) एवं समस्त सराफा व्यापारीगण, कवर्धा


समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली,
गोवर्धन पूजा के पावन पर्व
की बधाईयां...
Happy Diwali
विनीत : तिलक चन्द्रवंशी
ठेकेदार, कवर्धा छत्तीसगढ़


दीपावली
गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री सीताराम साहू जी
भाजपा, जिला-कबीरधाम


समस्त क्षेत्रवासियों को
शुभ दीपावली
की पावन पर्व की हार्दिक बधाई
मीनाक्षी आसकरण धुर्वे, जनपद सदस्य कवर्धा


पटेल फ्लाई ऐश ब्रिक्स
उच्च क्वालिटी ईट के लिए संपर्क करें मो. 9429131022, 9993332586
प्रकाश व खुशियों के महापर्व 'दीपावली' में आपके
जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि आये
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पता : भोरमदेव रोड समनापुर मार्ग कवर्धा

## खबर संक्षेप

### दीप सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई




**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत शासकीय पर्व माध्यमिक शाला ग्राम कुण्डा में शनिवार को बस्ताविहीन दिवस पर सभी कक्षाओं में दीपावली के अवसर पर दीप सजाओ प्रतियोगिता आयोजन किया गया7 जिसमें कक्षा 6 वी से 8वी तक के छात्राओं ने दिए सजाओं प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें स्थानीय वस्तुओं का उपयोग किया गया, स्कूली छात्राओं ने बहुत व आकर्षक ढंग से दीप बनाकर सजाए, जिसका अवलोकन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय का चयन किया गया। वहीं विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक मोहन राजपूत, शिक्षक सालिक यादव, हंसलता धिरहि, कलीराम चन्द्राकर व राजेश सोनी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला में ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिस पर कक्षा 7 वीं छात्रा उदिता पटेल को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

### धामनसरा में 24 को 'लोक चिन्हारी भरधरी' कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** ग्राम धामनसरा में 24 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित भव्य कार्यक्रम "लोक चिन्हारी भरधरी" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पटेल परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य स्वर हेमलता पटेल एवं रागी दीनबंधु साहू अपने सहयोगियों के साथ लोक प्रस्तुति देंगे। आयोजकगण केजनाथ, सुमन पटेल, बरातु, झांसी पटेल, स्व. परमेश्वर, रेखा पटेल, तुलसीराम पटेल, गणेशराम, गायत्रीबाई, युवराज, जामुनबाई, जीवराखन लाल, सरस्वतीबाई सहित अन्य ग्रामीणों ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### 21 को नाचा कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झालाटोला (छुरिया) में 21 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# दिवाली पर्व पर क्षेत्र में स्थापित की गई मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्रामीण क्षेत्र कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगह-जगह पर मां लक्ष्मी माता विराजमान है, मां लक्ष्मी का बड़ी धूमधाम से पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं खुशहाली की कामना किये जा रहे है। दीपावली या दिवाली भारत का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है। इसे दीपों का त्यौहार कहा जाता है, क्योंकि इस दिन घर-घर में दीप जलाकर अंधकार को मिटाया जाता है। यह त्यौहार न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीराम रावण का वध कर 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन पर अयोध्या वासियों ने नगर को दीपों से सजाकर खुशी मनाई। तभी से इस दिन को दीपावली के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई।

मिली जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व पांच दिनों तक चलने वाला पर्व है जिसमें पहला दिन धनतेरस (धन का अर्थ है संपत्ति) है, जब लोग अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं और पारंपरिक रूप से आने वाली समृद्धि के प्रतीक के रूप में सोना, चांदी या नए बर्तन खरीदते हैं। यह दिन देवताओं के चिकित्सक धन्वंतरि की पूजा के लिए समर्पित है, जो धन के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी उजागर करता है।



दूसरा दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली है। यह सफाई और प्रारंभिक रौशनी का दिन है, जो अक्सर नरकासुर के वध से जुड़ा होता है। घरों को सावधानीपूर्वक साफ किया जाता है और प्रवेश द्वारों पर जटिल रंगोली (पाउडर या फूलों से बने रंगीन पैटर्न) से सजाया जाता है, जिससे सौभाग्य का आह्वान होता है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण दिन लक्ष्मी पूजा है, जो दीवाली का मुख्य दिन है। परिवार देवी लक्ष्मी की शाम की प्रार्थना करने के लिए इकट्ठा होते हैं, अक्सर उनके साथ भगवान गणेश (बाधाओं को दूर करने वाले) की भी पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि लक्ष्मी सबसे साफ और उज्जवल घरों में आती हैं, जिससे दीए और मोमबत्तियां व्यापक रूप से जलाना महत्वपूर्ण हो जाता है। यह रात मिठाइयों के आदान-प्रदान, आतिशबाजी और भव्य पारिवारिक दावतों द्वारा चिन्हित होती है।

चौथे दिन, गोवर्धन पूजा (या बलिप्रतिपदा), के अर्थ की कई परतें हैं। कुछ परंपराओं में इसे उस दिन के रूप में मनाया जाता है, जब भगवान कृष्ण ने वृंदावन के ग्रामीणों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाया था। अन्य स्थानों पर इसे पड़वा के रूप में मनाया जाता है, जो पति और पत्नी के बीच के रिश्ते का सम्मान करता है, जिसमें पत्नियां अपने पतियों के माथे पर लंबी उम्र और समृद्धि के लिए तिलक (चिह्न) लगाती हैं।

अंतिम दिन भाई दूज है, जो रक्षा बंधन के समान, भाई-बहनों के बीच के बंधन को मजबूत करता है। बहनें अपने भाइयों के कल्याण और लंबी उम्र के लिए एक छोटा सा समारोह करती हैं, जो बदले में उन्हें उपहार और स्नेह देते हैं। यह सामंजस्यपूर्ण समापन सुनिश्चित करता है कि पांच दिवसीय त्यौहार पारिवारिक प्रेम और प्रतिबद्धता की भावना पर समाप्त हो। कृषक वर्ग के लिए इस पर्व का विशेष महत्त्व है। खरीफ की फसल पककर तैयार हो जाने से कृषकों के खलिहान समृद्ध हो जाते हैं। कृषक समाज अपनी समृद्धि का यह पर्व उल्लासपूर्वक मनाते जाता हैं तथा आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक, बौद्धिक लाभ और परम लाभ पहुंचाने की व्यवस्था के उत्सवों का नाम है दीपावली उत्सव।



# दीपावली का पर्व समाज, धर्म व राष्ट्रीय एकता अखंडता और प्राचीन सनातन धर्म की प्रतीक

- छात्र-छात्राओं ने जाना दीपावली की ऐतिहासिक महत्व।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में दीपावली अवकाश के पूर्व मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया गया, दीपावली का प्रथम दिवस धनतेरस जिसमें पौराणिक कथा अनुसार समुद्र मंथन से धन्वंतरि भगवान अमृत कलश लिए हुए उत्पन्न हुए जो की आयुर्वेद और चिकित्सा के जनक माने जाते हैं। द्वितीय दिवस यम चौदस या नरक चौदस इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर असुर का वध करके बंदी बनाए गए लगभग 16000 स्त्रियों को मुक्त कराया था। तीसरा दिवस दीपावली इस दिवस भगवान श्री रामचंद्र ने रावण का वध करके रात्रि अयोध्या पहुंचे थे, अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर स्वागत किया था। इस दिन पूरे अयोध्या में दीपोत्सव से प्रभु का स्वागत किया गया था। चौथा दिन गोवर्धन पूजा भगवान श्री कृष्ण ने इंद्रदेव के पूजा न करके गोवर्धन पर्वत का पूजा करवाया था, जिससे क्रोधित होकर इंद्रदेव ने लगातार जल वृष्टि की थी कृष्ण ने अपने उंगली से पर्वत उठाकर वहां के मथुरा वासियों की रक्षा की थी। पांचवा दिन भाई दूज, इस दिन यमराज ने अपनी बहन यमुना के घर गई थी, यमुना ने यमराज की आरती उतार कर तिलक लगाकर स्वागत किया था। भाई दूज, भाई-बहन का प्रेम का प्रतीक त्यौहार है। अंत में बच्चों सावधानी पूर्वक पटाखे फोड़ने एवं हाथ में रखे-रखे पटाखे न जलाने एवं सावधानी बरतने दिशा-निर्देश दिए गए। दीपावली से संबंधित रंगोली में दीपक जलाकर दीप उत्सव का यह पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एम आर कोमरे, आर के साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला एवं सुनीता कौशिक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# सड़क सुरक्षा पर नागरिकों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर परिवहन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला आगमन पर विश्व शांति विश्व पदयात्री व रथयात्री, पर्वतारोही टीम के साथ यातायात, परिवहन, सड़क सुरक्षा पर नागरिकों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत चौक-चौराहों पर मोटर साइकिल चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही हेलमेट पहने चालकों को पुष्पगुच्छ देकर प्रोत्साहित किया गया। मोटरयान नियमों का उल्लंघन करने वाले को हार पहनाकर नियमों का पालन करने व मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को हार पहनाकर नियमों का पालन करने तथा चार पहिया वाहन चालकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनने का आग्रह किया गया। नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल बोरी, युगांतर पब्लिक स्कूल सुंदरा के



छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को यातायात, सड़क सुरक्षा व पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत एवं सेवा पखवाड़ा के तहत परिवहन मंत्री केदार कश्यप के डोंगरगढ़ आगमन पर यातायात सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। साथ ही सेवा पखवाड़ा के तहत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने वाले नागरिकों के लिए बस स्टैंड से शासकीय मेडिकल महाविद्यालय पेंड्री तक निःशुल्क बस एवं ई-रिक्शा सेवा की सुविधा उपलब्ध कराया गया।

### 22 को छत्तीसगढ़ी नाचा

**राजनांदगांव।** दीपावली अवसर पर ग्राम जोशीलमती में छुरिया सत्यम युवा मंच गौरा चौक के संयोजन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें अमर ज्योति नाचा पार्टी कुल्हारदो (मोहला) अपनी शानदार प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कलश को 1000 की प्रोत्साहन राशि देकर समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन समिति में अध्यक्ष चित्रांगन साहू, उपाध्यक्ष नकुल साहू, कोषाध्यक्ष मोहन साहू, सचिव होल्कर निषाद, सहसचिव मुकेश साहू, राकेश साहू, सदस्यगण राजेश साहू, माखन निषाद, भुवन साहू, भगवान दास, प्रेम कुमार, प्रकाश साहू, बिसम्बर, थनेश साहू, धिनाजी निषाद, प्रितम साहू, सोमनाथ निषाद, भूपेंद्र साहू, तरन साहू, बेदू साहू, सोमन साहू, नेहरू साहू, लुमेश सेन, तुकेश, चंद्रकुमार चंद्रावंशी, डुकेश्वर साहू, वेद कुमार, ठागेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, कुमलेश्वर निषाद, निलू निषाद, भोला साहू, देवकुमार, दीनूराम, राधेश्याम साहू, तोकेश साहू, किशन साहू, लोकेश, पोमेश, मोनू साहू, धन्नजय साहू, पुरन साहू एवं ग्रामवासी शामिल हैं। उक्त जानकारी चित्रांगन साहू द्वारा दी गई।

### महापौर व कलेक्टर ने साफ-सफाई कार्य का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने नवागांव सेनिटेशन पार्क, सिंथेटिक ट्रैक निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल, यातायात नगर में साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक तौर पर अभियान चलाकर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कार्य सतत जारी रखने तथा मॉनिटरिंग करने कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पंडरिया में आम जनता हेतु सीता-रसोई का भव्य शुभारंभ 21 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर में समाजसेवा और मानवीय संवेदना की मिशाल बनने जा रही है, जिस पर सीता-रसोई जिसका शुभारंभ आगामी 21 अक्टूबर को पंडरिया के लोरमी रोड स्थित सामुदायिक भवन एवं जनपद कार्यालय के पास होने जा रहा है। इस सीता-रसोई का उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों को सिर्फ 30 रुपए में भरपेट पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। नगर के प्रबुद्ध एवं सम्माननीय नागरिकों के सहयोग से यह सराहनीय पहल की जा रही है। सामुदायिक भवन के बगल में स्थित पुराने कृषि विभाग के जीर्ण-शीर्ण गोदाम को करीब 4 लाख रुपए की लागत से फिर से उपयोग योग्य बनाया गया है। गोदाम का टिन शेड और शटर भी जर्जर हो चुके थे, जिन्हें स्थानीय नागरिकों ने अपने सहयोग से मरम्मत कर सुंदर रूप दिया है। आगामी 21 अक्टूबर को क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मुख्य आतिथ्य में सीता-रसोई का शुभारंभ होने जा रहा है। इस रसोई के संचालन हेतु नगर के 23 जागरूक नागरिकों ने प्रति व्यक्ति 25 हजार रुपए का आर्थिक योगदान दिया है। जहां प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक यहां आने वाला कोई भी व्यक्ति मात्र 30 रुपए में चांवल, दाल, रोटी और सब्जी सहित भरपेट भोजन प्राप्त कर सकेगा। विशेष बात यह है कि जन्मदिन, शादी की सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर नागरिक इस रसोई में विशेष सहयोग देकर मिठाई या खीर जैसी अतिरिक्त व्यवस्था भी करा सकेंगे। यह प्रयास न केवल जरूरतमंदों के लिए राहत लेकर आएगा, बल्कि नगर में सामाजिक एकता और सेवा भावना को भी नई दिशा देगा।




सीता-रसोई पंडरिया नगर के लिए एक उदाहरणीय सामाजिक पहल साबित हो सकती है, जिससे यह संदेश मिलेगा कि जब समाज एकजुट होकर आगे बढ़ता है, तब कोई भी भूखा नहीं रहता। मानव सेवा समिति द्वारा संचालित इस कार्य की नगर सहित पुरे क्षेत्र में अच्छा सहयोग, प्रोत्साहन व प्रशंसा मिल रही है।

## सेवार्थ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा वनांचल क्षेत्र में सामाग्री वितरण किया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** देवारी तिहार के रौशनी वनांचल के संग सेवार्थ, विद्यार्थी के माध्यम से विद्यार्थी परिषद ने वनांचल के गांवों तक पहुंचाई दीपावली की खुशिया। दीपों का पर्व दीपावली जहां शहरों की गलियों में उजियारा फैलाता है, वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष दीवाली का यह उजाला केवल नगरों तक सीमित न रहे, बल्कि वनांचल के अंधेरे कोनों तक भी पहुंचे। इसी भावना को साकार करने हेतु सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से देवारी तिहार के रौशनी वनांचल के संग विशेष अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक गांवों के सैकड़ों परिवारों तक दीपावली की खुशियां पहुंचाई गई। जिस पर कार्यकर्ताओं द्वारा दीपक, बाती, तेल, पटाखे, कपड़े, मिठाई तथा अध्ययन सामाग्री वितरित की। सामाग्री पाकर वनांचल के बच्चों और ग्रामीण परिवारों के चेहरों पर इस सेवा भावना से उमंग और उत्साह देखने को मिला। सेवार्थ विद्यार्थी के प्रदेश संयोजक तुलसी यादव बताया कि सेवार्थ विद्यार्थी, समाज सेवा का जनांदोलन सेवार्थ विद्यार्थी, विद्यार्थी परिषद का वह आयाम है, जो विद्यार्थियों को केवल विचारशील नहीं बल्कि समाजोपयोगी बनाता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी हर पर्व, अवसर और परिस्थिति में समाज की सेवा करते हैं, कभी-कभी होली त्यौहार में कभी ठंड के दिनों में कंबल वितरण हो, कभी स्वच्छता अभियान से और कभी दीपावली जैसे उत्सवों में प्रेम बांटकर विद्यार्थी परिषद हमेशा मानना है सेवा ही सबसे बड़ा उत्सव है समाज के उस वर्ग तक खुशियां पहुंचाना जो मुख्य धारा से दूर है, यही सच्चे अर्थों में दीपावली का धर्म है। वहीं नगर मंत्री हिरेंद्र बघेल बताया कि यह केवल वस्तु वितरण का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि प्रेम, संवेदना और समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास था। जब वनांचल के बच्चे दीप हाथों में लेकर मुस्कुराए, तो हमें लगा कि यही हमारी असली दीपावली है। विद्यार्थी परिषद केवल शिक्षण संस्थानों तक सीमित संगठन नहीं है, बल्कि यह समाज के हर कोने तक सेवा, संस्कार और संगठन का भाव लेकर पहुंचता है। दीपावली का यह पर्व हमें यह सिखाता है कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति खुश न हो, तब तक किसी का उत्सव अधूरा है। इसलिए विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ हमेशा खुशियां बांटता आया है और आगे भी ऐसा कार्य जारी रहेगा।

## राज्य स्तरीय बेसबॉल मिनी, जूनियर व सीनियर वर्ग मे जिले के 19 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल व 07 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया



**हरिभूमि कवर्धा।** शालेय 25वी राज्य स्तरीय बेसबॉल मिनी, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। जिसमे नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के बेसबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग में दीक्षांत, विनय चौरसिया, पुष्कर सिन्हा, मयंक चंद्रवंशी, अदम्य, मयंक, पंकज व बालिका वर्ग में सौम्या चंद्राकार, तान्या सिन्हा, दिव्या, जान्हवी, अनुष्का बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में चंद्रेश कोर्राम, लक्ष्य लांझी, वासुदेव, प्रियांशु, पुष्पेंद्र, भावेश चंद्रवंशी तथा बालिका वर्ग में हर्षिता, सौम्याना गेंद्रे वही बेसबॉल 19 वर्ष बालक वर्ग में कृष सिन्हा, हिमेश मानिकपुरी, गोपी सिंह, विनय राजपूत, हिमेश जांगड़े बालिका वर्ग में मान्या विभोर, वैदेही, जयश्री कुल 26 खिलाड़ियों का चयन था साथ ही कोच के रूप में दिनेश वर्गिस, राजा जोशी, भूपेंद्र गढ़े को नियुक्त किया गया था, जिन्होंने बिलासपुर में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का प्रतिनितिधित्व किए जिसमें बेसबॉल 14, 17 व 19 वर्ष बालक वर्ग एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग इन चार ग्रुप में रजत पदक लगा साथ ही बेसबॉल 14 एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ में रायपुर, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग इन पांचों संभाग के खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे। जिसमें दुर्ग संभाग के 14, 17, 19 वर्ष बालक वर्ग एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग ने सरगुजा, बस्तर और रायपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। परन्तु फाइनल में बिलासपुर के साथ हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक से संतुष्ट होना पड़ा, वही 14 एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग ने सरगुजा और रायपुर को हराकर कांस्य पदक में प्राप्त किया। वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया की अकेडमी के खिलाड़ी प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित होकर सभी वर्गो में पदक लगाकर प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रौशन कर रहे है, हाल ही में बिलासपुर में आयोजित हुए बेसबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अकेडमी के 19 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल एवं 7 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक लगाया है, इससे पहले रायगढ़ और कवर्धा में आयोजित हुए सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 09 गोल्ड एवं 08 सिल्वर मेडल लगा चुके है, लगातार एकेडमी के खिलाड़ी राज्य हो या राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता सभी में प्रत्येक वर्ष पदक लगा रहे है साथ ही प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे, निश्चय ही यह एकेडमी के खिलाड़ियों का कड़ी परिश्रम का फल है और मैं आशा करता हूं कि आने वाले प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह पदक लगाते रहेंगे।

### विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा

# कुंआमालगी में प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

ग्राम कुंआमालगी में प्रीमियर लींग क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्रीय टीम भाग लिए वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र घृतलहरें के कर-कमलों से किया गया। शनिवार को कुंआमालगी में धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज के पावन अवसर पर ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के मनोरंजन हेतु प्रीमियर लींग क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

इस शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथियों महामंत्री मनहरण साहू, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू के उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र घृतलहरें ने ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासी को धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, क्रिकेट टूनामेंट के लिए उतने ही उत्साहित है की जितना मै हूं आप लोगों का उत्साह देखकर वाकई बहुत अच्छा लगा जो खिलाड़ियों को मैदान में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करता है।

श्री घृतलहरें ने कहा दर्शकों को अपनी टीमों पर भरोसा और उनका प्यार खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा आपके समय और उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। इस प्रीमियम लींग क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार साथ ही साथ मैंन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेस्टमैन, बेस्ट फील्डर को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र घृतलहरें, मनहरण साहू, नरेश साहू, शेखर सिंगरौल, उपसरपंच प्रकाश साहू, बिसेन, राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं प्रतिभागी खिलाड़ी गण उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सीजी आइडियाथॉन पंजीयन 24 अक्टूबर तक

**कवर्धा।** उद्योग विभाग के अधीन स्टार्टअप छत्तीसगढ़ द्वारा रजत जयंती वर्ष पर राज्यव्यापी नवाचार व उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीजी आइडियाथॉन 2025 शुरू की गई है। यह अभिनव पहल विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स और जमीनी नव प्रवर्तकों को अपने विचारों को साकार रूप देने का मंच प्रदान करेगी। सीजी आइडियाथॉन 2025 के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों और शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से संभावनाशील विचारों की पहचान कर उन्हें संवर्धन का अवसर दिया जाएगा। इडियाथॉन 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर तय की गई है।

### नकली खोवा सहित रंग का हो रहा उपयोग

**राजनांदगांव।** दीपावली पर्व को लेकर जगह-जगह मिठाइयों की दुकानें सजी हुई है। इन दुकानों में मिठाइयों को आकर्षक बनाने के लिए अधिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाई दुकानों में जाकर मिठाइयों के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट आने तक सारी मिठाइयां बिक जाएगी। ऐसे में लोगों की सेहत से खिलवाड़ साफ दिखाई दे रहा है।

**संशय:** कहीं 20 अक्टूबर को तो कहीं 21 अक्टूबर को दीपावली मनाने की तैयारी

# आज शुभ मुहूर्त में की जायेगी मां लक्ष्मी की पूजा, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को पड़ने वाला दीपों के पर्व दीपावली 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। लोगों द्वारा जिस ढंग से पर्व की तैयारी जा रही है उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार की दीपावली न सिर्फ धमाकेदार होगी बल्कि धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीराम 14 साल के बाद वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। एक अन्य मान्यता के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को दिपावली के दिन ही मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं। इस कारण इस दिन लक्ष्मी पूजन किया जाता है। जबकि वाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि इस दिन भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी का विवाह हुआ था। दिपावली की शाम को उत्तम मुहूर्त में लक्ष्मी-गणेश और भगवान कुबेर की पूजा का विशेष महत्व है। वहीं यह भी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास काटकर वापस अयोध्या लौटे थे। जिनके स्वागत में दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है। सो इन्हीं मान्यताओं और परम्पराओं के अनुसार करते हुए इस वर्ष भी दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाने की लगभग सभी तैयारियां लोगों द्वारा पूरी कर ली गई है।



### पर्व को लेकर लोगों में उत्साह बाजार में भारी रौनक

दीपो के पर्व दीपावली को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और वे पर्व को मनाने जोरदार तैयारियां कर रहे हैं। घरों, प्रतिष्ठानो की साफ सफाई, रंग रोगन का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है और अब लोगों की भीड़ बाजार में नजर आ रही है। जहां लोग पर्व उपयोगी साजो सामान की जमकर खरीदी कर रहे हैं। नगर में दुकानदारों ने पर्व उपयोगी सभी सामानो दर्जनों दुकाने सजा रखी है जहां लोगों की भीड़ खरीददारी के लिए उमड़ रही है। माना जा रहा है कि यह भीड़ दीपावली की शाम तक ऐसे ही बनी रहेगी।

### दीपावली 20 या 21 अक्टूबर को?

हर बार की तरह इस बार भी दीपावली पर्व की तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। लेकिन जानकारों के मुताबिक दिवाली का त्यौहार 20 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा, 21 को नहीं, क्योंकि इस दिन प्रदोष काल के समय अमावस्या तिथि मिल रही है। हालांकि कुछ लोगों के अपने तर्क हैं और वे 21 अक्टूबर को दीपावली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि दिवाली पूजन अमावस्या के दिन प्रदोष काल में करना उत्तम माना जाता है। जानकारों के मुताबिक दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजा मुहूर्त 20 अक्टूबर 2025 की शाम 07:08 से रात 08:18 बजे तक रहेगा। तो वहीं प्रदोष काल शाम 05:46 से रात 08:18 तक और वृषभ काल शाम 07:08 से रात 09:03 तक रहेगा। वहीं लक्ष्मी पूजन के लिए रात्रि का समय रात11:41 से देर रात 12:31 बजे तक रहेगा।

# आवारा मवेशियों से धान की फसल बचाने ग्रामीण रतजगा करने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इन दिनो अंचल के ग्रामीण किसान आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से खासे परेशान है। बताया जाता है कि आवारा मवेशियों का झुंड सीधे किसानो के खेतों में खड़ी धान की फसल में हमला कर उसे चट कर रहे हैं। जिससे किसानो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए कई ग्रामों में तो ग्रामीण रतजगा तक करने को मजबूर हैं। जिले के विकासखण्ड स.लोहारा के ग्राम मुंगेलीडीह के ग्रामीणों की माने तो उनके गांव में बीते करीब दो माह से आवारा मवेशियों की समस्या इस कदर बढ़ गई है कि अब उन्हें अपने खेतों में लगी धान की फसल को बचाने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए गांव के युवाओं का बकायदा वॉट शप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें प्रतिदिन 5-6 युवाओं की ड्युटी लगाई जा रही है और जिस दिन जिन युवाओं की ट्युटी लगाई जाती है उस दिन उनके नाम वॉट शप ग्रुप में भेजे जाते हैं। अपन पकी पकाई धान की फसल को बचाने के लिए सभी युवक पूरी सिद्दत से अपनी ड्युटी पूरी रात रतजगा कर पूरी कर रहे हैं। बताया जाता है कि इस तरह की गंभीर समस्या का सामना ग्राम मुंगेलीडीह सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण किसानो को भी करना पड़ रहा है। लेकिन इसका कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। दुर्भाग्य का विषय तो यह है कि आवारा मवेशियों की समस्या से निजाद दिलाने शासन प्रशासन भी कोई कदम नहीं उठा रहा है।

# बस्तर में नक्सल समर्पण की ऐतिहासिक गूंज

## कवर्धा में गृहमंत्री विजय शर्मा का किया भव्य स्वागत



■ इतिहास के स्वर्णिम पल का साक्षी बना कवर्धा


हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत वर्ष के इतिहास में छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सल उन्मूलन अभियान में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब रिकॉर्ड स्तर पर सर्वाधिक 210 सशस्त्र नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर शांति की राह चुनी। बस्तर में इस ऐतिहासिक उपलब्धि पश्चात में प्रदेश के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के कवर्धा आगमन पर शहर में नागरिकों द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। सिग्नल चौक पर आयोजित इस स्वागत समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसके पश्चात विभिन्न संगठनों द्वारा गृहमंत्री विजय शर्मा गजमाला एवं शॉल पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, विजय पटेल, नितेश अग्रवाल, रामबिलास चंद्रवंशी, सतविंदर पहुजा, नवीन ठाकुर, शानू साहू, विकास पांडेय सहित नगर के अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस अद्वितीय सम्मान के लिए कवर्धा वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध यह बड़ी जीत केवल सरकार की नहीं, बल्कि शांति और विकास की राह चुनने वाले समूचे समाज की जीत है। उन्होंने छत्तीसगढ़ से नक्सल उन्मूलन के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश में स्थायी शांति स्थापना एवं प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों में इस ऐतिहासिक उपलब्धि के प्रति अत्यंत उत्साह एवं गर्व की भावना देखने को मिली। कवर्धा के इतिहास में यह दिन अविस्मरणीय बन गया, जब विकास और विश्वास की इस नए अध्याय के साक्षी समूचे शहर ने भारत माता का जयघोष करते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया।

# नगर सहित समूचे अंचल में काली उत्सव आज से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा सहित अंचल में मां काली उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, जिसका शुभारंभ दीपावली की रात्रि से प्रारंभ हो जायेगा। समीतियों द्वारा इस उत्सव की त्यारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अंचल में दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना के साथ मां काली पूजन की भी परम्परा है। इस दिन कवर्धा सहित अंचल भर में कई समितियों द्वारा बकायदा पण्डाल बनाकर मां काली की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। यह काली उत्सव दीपावली के रोज से प्रारंभ होकर एकादशी तक चलता है। एकादशी को मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना व हवन आदि कर शोभायात्रा निकाली जाती है और प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। पूरे ग्यारह दिनो तक चलने वाले इस काली उत्सव को लेकर लोगों में खासी श्रद्धा भक्ति



देखने को मिलती है। जिले में विशेषकर कवर्धा, पाण्डातराई, कुण्डा, कोदवागोड़ान सहित अन्य स्थानो में काली उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कोदवागोड़ान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवरंगपुर में तो काली महोत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसमें पूरे प्रदेश से कई पुरूष और महिला मण्डली बतौर प्रतिभागी हिस्सा लेकर जसगीत की प्रस्तुति देती है। बीते 33 वर्षो से आयोजित इस काली उत्सव में इस बार भी आयोजकों द्वारा भव्य तैयारियां की गई है। इसी प्रकार नगर पंचायत पाण्डातराई की बात की जाए तो यहां भी काली उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। और भव्य पण्डाल में मां काली के साथ कई देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाती है तथा पूरे ग्यारह दिन कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कुल मिलाकर अब पूरे ग्यारह दिनो तक अंचल में काली उत्सव की धूम देखने को मिलेगी।

# कवर्धा नगर में सजा गर्म कपड़ों का बाजार, हल्की ठंड का एहसास



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में इस बार हुई भारी बारिश को देखते हुए माना जा रहा है कि शीत ऋतु में ठंड भी जोरदार पड़ेगी। जिसका अक्टूबर माह के मध्य से असर भी देखने को मिलने लगा है। हालांकि ठंड का अहसास फिलहाल मैदानी और वनांचल ईलाकों में देखने को मिल रहा है लेकिन जल्द ही शहरी क्षेत्रों में भी ठंड अपना असर दिखाने लगेगी। शीत ऋतु के इस मौसम को देखते हुए कवर्धा नगर में गर्म कपड़ों का बाजार भी सज गया है और लोगों ने शीत ऋतु की तैयारियों के हिसाब से गर्म कपड़ों की खरीदी भी शुरू कर दी है। हालांकि अभी इन गर्म कपड़ों की दुकानो में खरीददारों की भीड़ काफी कम लेकिन दुकानदारों को उम्मीद है कि आने वाले कुछ दिनो में ठंड अपने तेवर दिखाना शुरू कर देगी और गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ जायेगी। यहीं वजह कि इस बार गर्म कपड़ों के विक्रेताओं द्वारा महिला, पुरूष तथा बच्चों के लिए कई नए पेटर्न के गर्म कपड़ों का स्टाक अपनी दुकानो में सजाया है। जहां नगर की दुकानों में गर्म कपड़ों का भारी स्टाक सजाया गया है वहीं फुटपतिया गर्म कपड़ों का भी बाजार लगा हुआ है। जहां हर वर्ग के लिए कई रेंजों में गर्म कपड़ा का स्टाक सजाया गया है। बस अब दुकानदारों को अच्छे व्यवसाय का इंतजार जो आने वाले कुछ दिनो में ठंड बढ़ने के साथ ही शुरू हो जायेगा।

### अंचल में गुलाबी ठंड की दस्तख

यहां बताना लाजिमी होगा कि अक्टूबर माह के मध्य से कवर्धा सहित अंचल में गुलाबी ठंड की दस्तख शुरू हो गई है। जिसका अहसास लोगों को सुबह भौर फटने के पहले तक हो रहा है। हालांकि अभी यह ठंड इतनी नहीं है पड़ रही है कि लोगों को गर्म कपड़ो का सहारा लेना पड़े। लेकिन मौसम के मिजाज को देखते हुए इसकी जरूरत जल्द पड़ सकती है।

### राज्य स्तरीय कार्यशाला में कवर्धा के स्काउट-गाइड रहे शामिल



**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के द्वारा राज्य स्तरीय लीडर ट्रेनर, सहायक लीडर ट्रेनर, जिला सचिव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त और जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान शंकर नगर रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें कबीरधाम जिले से जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुजीत कुमार गुप्ता, जिला सचिव नीलम यदु, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, जिला संगठन आयुक्त गाइड भगवती हठीले, हेमधर साहू साहू सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मुख्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा के द्वारा किया गया, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का राज्य मुख्यालय कार्यालय भवन शीघ्र ही निर्माण किया जाएगा। जनवरी 2026 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन छत्तीसगढ़ में स्काउटिंग की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर प्रबलता से स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और माननीय गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा स्काउट गाइड के सफल संचालन के लिए आवश्यक संसाधन और सहयोग प्राप्त होगा ऐसा आश्वासन प्राप्त हुआ है। राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू ने आए हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्होंने आशा व्यक्त की इन सबके सहयोग से छत्तीसगढ़ में स्काउट गाइड गतिविधियों का सफल संचालन होगा। इस कार्यशाला में प्रदेश के 30 जिलों से 17 लीडर ट्रेनर, 30 सहायक लीडर ट्रेनर, 19 जिला सचिव, 29 जिला प्रशिक्षण आयुक्त एवं 43 जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला के संचालक अशोक देशमुख पूर्व राज्य सचिव, संचालक मंडल में रामपाल तिवारी, हसरत खान, टीकेएस परिहार, सीएल चंद्राकर, सीमा साहू, जेरमिना एक्का, अनिता तिग्गा आदि सीनियर लीडरों के साथ राज्य मुख्यालय के अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हैं। कार्यशाला के समापन अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त इन्दरजीत सिंह खालसा, एससीआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ एवं आवास कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी वर्मा उपस्थित थे।

**विप्र भवन में कार्यक्रम आयोजित, ग्रीन दीवाली एवं पर्यावरण सुरक्षा की गई शपथ**

# रोवर-रेंजर टीम ने मनाया अपना 37 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

नगर के ब्राम्हण समाज भवन कवर्धा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ से संबंधित जिले के एकमात्र ओपन क्रू व टीम भोरमदेव रोवर ओपन क्रू (स्काउट दल) एवं मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम (गाइड टीम) कवर्धा ने अपना 37 वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। इस अवसर पर रोवर रेंजर ने इस दीपावली पर्व के अवसर पर स्वदेशी अपनाने एवं पर्यावरण सुरक्षित रखने का शपथ लिया। संस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोवर रेंजर को सम्मानित किया गया। वर्तमान रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू ने बताया कि 18 अक्टूबर 1989 को भोरमदेव रोवर ओपन क्रू (स्काउट दल) की स्थापना स्व. युएल दिनकर के मार्गदर्शन में भोरमदेव मंदिर परिसर में किया गया। जिसके प्रथम लीडर राकेश गुप्ता थे। जिनके साथ राजेश दिनकर, सतीश जैन, अवधेश श्रीवास्तव, छबेंन्द्र गुप्ता, ललित वर्मा,




सुजीत कुमार गुप्ता, अनिल केशरवानी, रमेश धवालकर, किशन साहू, पारस वैष्णव, सतीश तिवारी, प्रशांत फड़नवीस, ओम यदु एवं अन्य साथियों ने मिलकर इस स्काउटिंग को आगे बढ़ाने के लिये मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम की स्थापना मंजू जैन, नीता झा, रश्मि चावला, पिंकी शर्मा, कल्पना फड़नवीस, नीलिमा शर्मा, तामेश्वरी ठाकुर के समूह से की। स्थापना दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्था के वरिष्ठ एवं पूर्व सदस्य जिन्होंने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इस संस्था कि स्थापना कि एवं वर्तमान मे जिला संघ पदाधिकारी- जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, जिला सचिव नीलम यदु, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) भगवती हठीले एवं रेंजर गाइड लीडर तामेश्वरी परते ने उपस्थित होकर अपने आशीर्वाद उदद्बोधन से रोवर्स-रेंजर्स का मनोबल बढ़ाया! रोवर रेंजर द्वारा शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुत किया गया। संस्था के द्वारा यूनिट लीडर्स का मोमेंटो से सम्मानित किया गया- प्रिय प्रकाश साहू, सौरभ शर्मा, लोकनाथ देवांगन, सोमेश कुमार वर्मा, संजय घावड़े, जयकुमार साहू, देवव्रत पटेल, मितेश मिश्रा, ईश्वरी साहू, सोनाली चंद्रवंशी, पुष्पांजलि तिवारी, अनुजा यादव, चेतना मिश्रा, विंध्या ठाकुर, शीतला साहू, प्रीति साहू को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत मे रोवर लीडर विजय कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते किया।

# इंटरस्कूल वॉलीबाल टूर्नामेंट में खरहट्टा स्कूल के खिलाड़ियों ने दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा में गत 16 से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित इंटरस्कूल वॉलीबाल टूर्नामेंट में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरहट्टा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में कुल 08 टीमों ने भाग लिया। खरहट्टा स्कूल ने अपने पहले मुकाबले में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल को 2–0 से हराकर जोरदार शुरुआत की। इसके बाद दूसरे मैच में पीएम श्री पोड़ी स्कूल को भी एकतरफा मुकाबले में 2–0 से मात दी। फाइनल में खरहट्टा स्कूल का सामना मेजबान गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा से हुआ, जिसमें




खरहट्टा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में 2–0 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में नीलांबर चंद्रवंशी को बेस्ट रेडर और रवि चंद्रवंशी को बेस्ट ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया गया। खरहट्टा स्कूल की इस शानदार जीत से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। व्यायाम शिक्षक उत्तम वर्मा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थी हर वर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच रहे हैं। इस वर्ष विद्यालय के खिलाड़ी शिवम चंद्रवंशी का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसका आयोजन कोरबा में होगा। टीम में लवलेश, रवि, नीलांबर, शिवम, नीलेश, साहिल, मनीष, देवेंद्र, राकेश एवं खोमेंद्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

## सार समाचार

### तेलगान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ



**राजनांदगांव**। छुरिया के ग्राम तेलगान में 18 अक्टूबर को लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। उन्होंने धनतेरस अवसर पर आयोजन समिति श्री सिद्धिविनायक परिवार एवं ग्रामवासियों को बधाई देते कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा और लोककला को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों के आत्मीय स्वागत और उत्साहपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजू सिन्हा, पूरन नेताम, महेश यदु, हेमलाल साहू, शंकरलाल यदु, सबल सिंह, मोजीराम साहू, जगदीश श्रीवास, बेदाराम साहू, मोहन दास मानिकपुरी, मंथिर साहू, खेदूराम साहू, पुणेशराम साहू, पतिराम साहू, तेजराम साहू सहित आयोजन समिति के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जोशीलमती में पथ संचलन आयोजित



**राजनांदगांव**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जोशीलमती मंडल (छुरिया) में शताब्दी वर्ष के अवसर पर भव्य विजयदशमी उत्सव एवं वृहत पथ संचलन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवक देशभक्ति गीतों के साथ कदम से कदम मिलाकर ग्राम जोशीलमती में मार्च करते एकजुटता और राष्ट्रीय भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया। बौद्धिक सत्र में अध्यक्षता करते पंचराम साहू ने संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते निरंतर समर्पण भाव से संघ कार्य में जुटे रहने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता कृष्णा सिंह बौद्धिक प्रमुख जिला अंबागढ़ चौकी ने संघ की शताब्दी यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि देश, समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिए तन-मन-धन से निःस्वार्थ भाव से राष्ट्रकार्य में योगदान देना प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में देवकुमार साहू, टाकेश्वर साहू, घासी साहू, डीएल चंद्रवशी, चित्रागन साहू, आत्माराम चंद्रवंशी, लक्ष्मण साहू, मुनीराम यादव, हुकुम साहू, संतोष साहू, रामकुमार विवेकानंद साहू, दिनेश साहू, डुकेश्वर साहू, शंतराम टेमन साहू, अलखराम, लखन साहू, भुपेंद्र साहू, धनंजय साहू, राधेलाल, देवनंदन साहू, उमेद साहू, मेनका साहू, पंच प्रज्ञा साहू, ओमलता साहू, रूपा साहू, अमीन चंद्रवशी, हेमिका प्राची साहू, खोमेशवरी संतोषी, देवांगन, लता साहू, छोटी साहू सहित खंड एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### इस दीवाली वार्डों में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था

# 51 वार्डों में लगी एलईडी लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस दीवाली वार्डों में पर्याप्त रोशनी एवं कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहां पर लाइट नहीं लगी थी। जिससे नागरिकों को रात में आने-जाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से डर बना रहता था, वहां नगर निगम द्वारा नई लाइट लगाने तथा विद्युत पोलों की खराब लाईटे बदलने की कार्रवाई की जा रही है।

साथ ही लाईटों का मरम्मत भी किया जा रहा है। अब तक नगर निगम सीमा क्षेत्र में लगभग 600 नई एलएईडी लाईट लगाई गई है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा व वार्डों में पर्याप्त रोशनी को दृष्टिगत रख दीपावली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है।

महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि शहर के वार्डों के विद्युत खंबों में वार्डवासियों के लिए आवश्यकतानुसार लाईट लगाई जाती है। समय-समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है। निगम के विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे कर चिन्हांकित किया गया और सर्वे अनुसार 51 वार्डों में 10-10 लाईट के हिसाब से 500 से अधिक लाईटे लगाई जा चुकी है एवं जीई रोड में लगाने की कार्रवाई की जा रही है। जिससे दीपावली त्योहार में जिस क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त है, वहां रोशनी से जगमगा उठे। महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है। जिसके आधार पर पार्षदों से मांग प्राप्त हो रही है। मांग अनुसार अतिशीध्र लाईट लगाने की कार्रवाई की जाएगी। निधि से लाईट खरीदने अनुमति मिल जाने से वार्ड में अंधेरे से छुटकारा मिलेगा और सभी वार्डों में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था होगी।



#### खराब लाइटों की मरम्मत भी

महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली में वार्डों में पर्याप्त रोशनी को ध्यान में रख वार्डों की खराब लाईटें एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी, इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट की आवश्यकता थी, वहाॅ लाईट लगाने की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 51 वार्डों में लगभग 500 नई लाईट आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगाई गई है तथा जीई रोड में लगाने की कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार लगभग 600 नई लाईटें लगाई गई है तथा 675 खराब लाईटें मरम्मत की गई है, शेष लाईटें मरम्मत भी की जा रही है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र को शिक्षा से सफलता में बदला



**मानपुर**। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सामने आ रही है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से वामपंथ उग्रवाद तथा हिंसा से ग्रस्त रहा है। औंधी क्षेत्र के दस स्थानीय आदिवासी युवाओं ने, जिनमें दो युवतियां भी शामिल है, कर्मचारी चयन आयोग और छत्तीसगढ़ पुलिस कांस्टेबल की चुनौतीपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं को सफलतापूर्वक पास किया है।

यह सफलता बदलाव का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो गढ़चिरौली और बस्तर-कांकेर जिलों की सीमा से लगे इस समुदाय में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाती है।

#### सुरक्षा से सफलता की राह

हाल की शैक्षणिक उपलब्धियां आईटीबीपी के लगातार और सटीक नक्सल विरोधी अभियानों का सीधा परिणाम हैं, जिन्होंने स्थानीय एलडब्लूई नेतृत्व को खत्म कर एक सुरक्षित वातावरण बनाया है।

### खदान के पानी में मिला युवक का शव

**राजनांदगांव**। ग्राम मनगटा क्षेत्र में एक युवक का शव खदान के पानी में देखा गया। जिससे आसपास क्षेत्र सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनगटा बाहरा नगर गिट्टी खदान तालाब के पानी में एक युवक का शव मिला है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सावंत कुमार बड़ा 32 निवासी शिवाजी नगर कुरूद रोड के रूप में हुई है। मृतक इंजीनियरिंग की पढ़ाई किया है। स्टाक मार्केटिंग इन्वेस्टमेंट का कार्य करता था। पुलिस के मुताबिक स्मृति नगर भिलाई में गुम इंसान दर्ज है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव**। जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक परीक्षा का आयोजन संस्कार उ.मा.विद्यालय अंबागढ़ चौकी में किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के स्तर से परिचित कराना और उन्हें प्रतियोगी वातावरण में अपनी क्षमता का मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करना था।

इस मॉक परीक्षा में कुल 525 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के चेहरों पर सीखने की ललक और सफलता पाने की चाह साफ झलक रही थी। आयोजन स्थल पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में तिलक सोरी ने विशेष मार्गदर्शन दिया।

### ग्राम जोशीलमती में 22 को छत्तीसगढ़ी नाचा

**राजनांदगांव**। दीपावली अवसर पर ग्राम जोशीलमती में छुरिया सत्यम युवा मंच गौरा चौक के संयोजन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें अमर ज्योति नाचा पार्टी कुल्हारदो (मोहला) अपनी शानदार प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कलश को 1000 की प्रोत्साहन राशि देकर समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन समिति में अध्यक्ष चित्रांगन साहू, उपाध्यक्ष नकुल साहू, कोषाध्यक्ष मोहन साहू, सचिव होल्कर निषाद, सहसचिव मुकेश साहू, राकेश साहू, सदस्यगण राजेश साहू, माखन निषाद, भुवन साहू, भगवान दास, प्रेम कुमार, प्रकाश साहू, बिसम्बर, थनेश साहू, धिनाजी निषाद, प्रितम साहू, सोमनाथ निषाद, भूपेंद्र साहू, तरन साहू, बेदू साहू, सोमन साहू, नेहरू साहू, लुमेश सेन, तुकेश, चंद्रकुमार चंद्रावंशी, डुकेश्वर साहू, वेद कुमार, ठागेश्वर साहू, जागेश्वर साहू, कुमलेश्वर निषाद, निलू निषाद, भोला साहू, देवकुमार, दीनूराम, राधेश्याम साहू, तोकेश साहू, किशन साहू, लोकेश, पोमेश, मोनू साहू, धन्नजय साहू, पुरन साहू एवं ग्रामवासी शामिल हैं। उक्त जानकारी चित्रांगन साहू द्वारा दी गई।









हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025



## आज लक्ष्मी पूजन के तीन शुभ मुहूर्त, कल शाम अमावस्या का होगा समापन..23 को अन्नकूट और 24 को मनेगा भाईदूज पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल के सबसे बड़ा पर्व कहे जाने वाला दीवाली का आज तीसरा एवं प्रमुख दिन है। आज अमावस्या तिथि पर लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। हालांकि इस बार दो अमावस्या तिथि होने के चलते लोगों के मन में शुभ मुहूर्त को लेकर भ्रम था, परन्तु पंडितों के अनुसार आज सोमवार की शाम ही लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त बताए गए हैं। वहीं कल अमावस्या पर दान-पुण्य करने को बेहतर बताया गया है। आज घर, दफ्तर सहित अंचल में धूमधाम से यह पर्व मनाया जाएगा।

सनातन धर्म में अधिकांश त्योहार उदया तिथि के आधार पर मनाए जाते हैं, लेकिन दीपावली इस नियम का अपवाद है। दीवाली का त्योहार अमावस्या की रात्रि में प्रदोषकाल में मनाने का विधान है। दीवाली की पूजा में शाम का विशेष महत्व है। इस साल सोमवार 20 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर में शुरू हो रही है। यह पूरी रात रहेगी। ऐसे में लोगों को प्रदोष और निशिता कल में देवी की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से लक्ष्मी पूजन और दीपदान करने से माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इसके अलावा घर-परिवार में सुख-समृद्धि का संचार होता है।



### दो दिन अमावस्या

इस बार कार्तिक अमावस्या तिथि दो दिन पड़ रही है। 20 और 21 अक्टूबर दोनों दिन कार्तिक अमावस्या रहेगी। कार्तिक अमावस्या आज सोमवार 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगी और तिथि का समापन 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर होगा। हालांकि दीवाली पर प्रदोष और निशिता काल अनिवार्य होता है। पंडितों के अनुसार दीवाली पूजन के लिए आज का दिन सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। जबकि कल केवल दान-पुण्य के लिए अमावस्या का महत्व बताया गया है।

### आज शाम कई शुभ मुहूर्त

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के दिन लक्ष्मी-गणेश की संयुक्त पूजा के लिए तीन शुभ मुहूर्त रहने वाले हैं। पहला शुभ मुहूर्त प्रदोषकाल शाम 05 बजकर 46 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। ऐसे ही शाम 7 बजकर 08 मिनट से लेकर रात 9 बजकर 03 मिनट के बीच वृषभ काल में भी पूजा कर सकते हैं। यह घड़ी भी पूजा के लिए बहुत शुभ मानी जाती है।

### शहर में दर्जनभर स्थानों में अन्नकूट, बुधवार को मनेगा भाईदूज

आज अमावस्या पर दीवाली पूजन के बाद कल भी शाम तक अमावस्या तिथि ही रहेगी। यही कारण है कि 22 अक्टूबर दिन बुधवार को अंचल में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट का आयोजन मंदिरों में किया जाएगा। इसके बाद अगले दिन 23 अक्टूबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। ज्ञात हो कि शहर में सत्यनारायण मंदिर, बालाजी मंदिर, हनुमान मंदिर, काली माई मंदिर, मोतीनाथ मंदिर सहित करीबन एक दर्जन मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया जाएगा।

## भरकापारा से निकली चुनरी यात्रा, रंगोली प्रतियोगिता में दिखी आकर्षक कलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीवाली से पूर्व नरक चौदस के अवसर पर शहर में दो प्रमुख आयोजन किए गए। इनमें भरकापारा स्थित मां काली मंदिर से चुनरी यात्रा के साथ ही बांसपाईपारा में रंगोली प्रतियोगिता शामिल रहे, जहां चुनरी यात्रा में प्रख्यात दुकालु यादव ने जसगीतों से समा बांधा। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में कलाकारों की आकर्षक कला ने लोगों का मन मोहा।



उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों से शहर में मां काली युवा वाहिनी द्वारा चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। इस बार भी आयोजन समिति द्वारा भरकापारा स्थित मां कालीमाई मंदिर में माता काली को 31 फीट की चुनरी भेंट की गई। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जस सम्राट दुकालू यादव के जसगीतों में माता भक्त झूमते नजर आए। वहीं दूसरी ओर रंगोली प्रतियोगिता में करीबन दो दर्जन लोगों ने भाग लिया। विषय आधारित इस प्रतियोगिता में छोटे बच्चों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति द्वारा तीन पुरस्कार का वितरण भी किया गया।

## फर्जी फोन-पे एप से ठगी, पांच पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फर्जी फोन-पे एप के माध्यम से ठगी कर डीजल भराने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी उज्जवल बेलावाला 32 साल साकिन कामठी लाइन राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका बासुला रोड खपरीखुर्द चौक में एसके पेट्रोल पंप नाम से पेट्रोल पंप है। 12 अक्टूबर को खपरीखुर्द चौक में स्थित एसके पेट्रोल पंप में रात्रि लगभग 10.27 बजे एक सफेद रंग का स्कार्पियो आया। जिसमें ड्राईवर सहित तीन-चार लोग बैठे थे। पेट्रोल पंप में 5500 रुपए का 58.49 लीटर डीजल फर्जी फोन-पे एप के माध्यम से अपने मोबाइल में पेमेंट सक्सेस फुल होने का मैसेज दिखाकर 5500 रुपए का 58.49 लीटर डीजल का ठगी किया है। रिपोर्ट पर स्कार्पियो वाहन में बैठे तीन-चार व्यक्तियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू करते हुए घटनास्थल एसके फ्युल्स पेट्रोल पंप ग्राम खपरीखुर्द एवं अन्य स्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक करने पर उक्त स्कार्पियो एवं उसमें बैठे व्यक्ति व चालक की पहचान कार्रवाई शुरू की गई। फलस्वरूप 2 व्यक्ति की पहचान सतीश साहू एवं अरमान मानकर के रूप में हुई। दोनों आरोपी से पूछताछ करने पर बताए कि अपने साथी राजा मानकर, मोहित वर्मा, सूरज साहू एवं कुलदीप पटेल के साथ मिलकर फर्जी फोन-पे एप के माध्यम से एक राय होकर ठगी करने की योजना बनाकर घटना को अंजाम देना कबूल किया। लगातार पिछले 15 दिनों से आसपास क्षेत्र के पेट्रोल पंप कलडबरी, घुमका के दो पेट्रोल पंप, मोहंदी मोड, सिंघोला, टटेंगा, अर्जुंदा, सिकोसा, डुंडेरा, डौंडीलोहारा, करेला के आगे डुरिया आदि पेट्रोल पंपों में डीजल डलाकर लगातार ठगी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।





### आरोपी गए जेल

आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 नग स्कार्पियो, 6 नग मोबाइल, 6 नग एमएच एवं एमपी वाल फर्जी नंबर प्लेट एवं ठगी किए गए 300 लीटर डीजल को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा सदर का अपराध सबूत पाए जाने से आरोपी अरमान मानकर 21 साल चिचोला, सतीश साहू 23 साल साकिन झीकादाह, राजा मानकर 20 साल साकिन ग्राम चिचोला व मोहित वर्मा उम्र 19 साल साकिन बोईरडीह एवं सूरज साहू 23 साल साकिन ग्राम चिचोला को आज न्यायालय राजनांदगांव ज्युडिशियल रिमांड पर भेजी गई है।

## कल से बदलेगा मौसम! बारिश के बन रहे आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बन रहे नए सिस्टम का असर अंचल में भी देखने को मिल सकता है। विभाग के अनुसार आज से मौसम में फिर से बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। जिसके चलते अंचल सहित प्रदेश के मध्य हिस्सों में अगले 48 घंटे के दौरान हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है।



हालांकि रविवार तक अंचल का मौसम साफ रहा। दिनभर तेज धूप के बाद रात को हल्की ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर बना हुआ है। यह सामान्य से लगभग तीन डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से ढाई डिग्री कम 19 डिग्री पर बना हुआ है। दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर होने से लोगों की सेहत पर भी असर दिखाई दे रहा है। अब बेमौसम बारिश होने का भी असर सेहत पर देखने को मिल सकता है। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह ही मानसून अंचल से लौट चुका है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)
- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप

### लहर गंगा का आयोजन 23 को

**चिचोला।** रामपुर में जय बजरंग रामलीला मंडली द्वारा लगभग 96 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा हैं। इस वर्ष भी 5 दिन का आयोजन रखा गया है। दिवाली और भाईदूज के अवसर पर ग्रामवासियों और रामलीला मंडली की तरफ से आगामी 23 अक्टूबर क्रो रात्रि 10 बजे लहर पुराणिक साहू कृत लहर गंगा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी राजू मंडावी ने दी।

### बेगलेस डे पर विविध कार्यक्रम



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बेगलेस डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे करसा सजाना, सुआ नृत्य, गौरी गौरा नृत्य, नाऊत नृत्य शामिल थे। बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर मनमोहक प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर बिंदाबाई मंडावी, तिलक साहू, पवन पडोती आदि उपस्थित थे।

### डांस प्रतियोगिता आज

**मुरमुंदा।** आर्यंस गौरी गौरा गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कल 20 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन बड़े मुड़पार में रखा गया है। समिति के कोषाध्यक्ष वेदकुमार उईके एवं सोहन साहू ने बताया कि सामूहिक डांस में विजेता को क्रमशः 8001, 6001, 4001, 2001, युगल डांस में 4001, 3001, 2001, 1001 एवं एकल डांस में 3001, 2001, 1001, 701 रुपए दिया जाएगा।

### ई-ऑफिस के संबंध में प्रशिक्षण 28 को

**राजनांदगांव।** ई-ऑफिस के क्रियान्वयन, सुचारू संचालन एवं उनके प्रयोगों के संबंध में 28 अक्टूबर को सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में दो चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को प्रशिक्षण में 2 अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने कहा गया है।

### विद्यालयों में सिकल सेल शिविर का हो रहा आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विद्यालयों में सिकल सेल शिविर का आयोजन कर बच्चों का सिकल सेल टेस्ट किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को सिकल सेल बीमारी की जानकारी व बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शासन द्वारा जिले के सभी शासकीय संस्थाओं में निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं उपचार व परामर्श की उपलब्ध सुविधा की जानकारी दी जा रही है। बच्चों को सिकल सेल की सामान्य जानकारी की बुकलेट का भी वितरण किया जा रहा है। साथ ही शिविर में राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों को तंबाखू के दुष्प्रभाव, धुम्रपान छोड़ने के फायदे, तंबाखू सेवन से होने वाली बीमारी एवं जिला चिकित्सालय में संचालित तंबाखू मुक्ति केन्द्र के बारे में जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत जिले के सभी विकासखंडों में कुल 2 हजार 493 स्क्रीनिंग की गई है। पूर्व में की गई जांच वाले व्यक्तियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरीत किया गया। पूर्व में संचालित मेगा स्क्रीनिंग एवं आयोजित कैम्पों में धनात्मक आए कुल 669 मरीजों को सिकल सेल पेसेंट बुकलेट वितरण किया गया। जिसके माध्यम से मरीजों का फॉलोअप, दवाई वितरण एवं अन्य जांच किया जाएगा। जिले में अब तक 6 लाख 32 हजार 598 सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें 5 लाख 93 हजार 144 सिकल सेल निगेटिव, 669 सिकल सेल पॉजिटीव एवं 10 हजार 154 सिकल सेल वाहक है।

## निधन



### लेखराम वर्मा

**डोंगरगढ़।** व्याख्याता लेखराम वर्मा निवासी वार्ड 11 का 61 वर्ष की उम्र में शनिवार रात को निधन हो गया। रात को तबियत खराब होने के बाद उन्हे डोंगरगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पर्याप्त इलाज सुविधा नहीं मिलने के कारण उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों, शिक्षक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### धनतेरस को लोगों ने अपेक्षा से कम खरीदा सोना-चांदी

# महंगाई की मार से धंधा हुआ मंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दीप पर्व की शुरुवात हो गई। धनतेरस के पहले ही शहर के व्यापारियों ने लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सामानों का स्टॉक कर रखा था। शनिवार को स्थानीय बाजार में लोग खरीदी करने पहुंचे किन्तु व्यापारियों की अपेक्षा के अनुरूप धंधा नहीं हुआ। सबसे अधिक निराश सराफा कारोबारियों को होना पड़ा। इस बार पिछले साल की तुलना में 50 फीसदी धंधा होने की खबर है।

शनिवार को धनतेरस मनाया गया। इस पर्व के साथ पांच दिवसीय दीप पर्व की शुरवात हो गई। पर्व की कड़ी में कल 20 अक्टूबर को रौशनी का पर्व दीपोत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को बाजार में सुबह से लोग खरीदारी करने पहुंचने लगे थे।ग्राहकों की बहुसंख्यक भीड़ कपड़ा, किराना, पूजा सामग्री सहित जनरल आईटम की दुकानों में देखा गया। परंपरागत रूप में सोने-चांदी के अलावा बर्तन, वाहन दुकानों ने अपेक्षा से कम लोग पहुंचे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में धान की कटाई शुरू नहीं हुई है जिससे किसान इन दिनों खाली हाथ है। वहीं पूर्व की तरह इस बार किसानों को न्याय योजना के तहत राशि नहीं मिली है जिससे भी उन्होंने खरीदी करने में रूचि नहीं दिखाया।



#### बड़ी खरीदी से परहेज

उल्लेखनीय है कि धनतेरस के मौके पर सोना, चांदी और बर्तन खरीदी को शुभ माना जाता है और बहुसंख्यक खरीदी भी करते रहे हैं। इस दिनों सोना के सवा लाख पार करने और चांदी के दो लाख के आसपास पहुंचने के कारण छोटे और मध्यम वर्गीय लोगों ने खरीदी करने में अपेक्षित रूचि नहीं दिखाया वहीं निवेश के नजरिए से खरीदी करने वालों ने निकट भविष्य में बड़ा फेरबदल होने की संभावना को देखते हुए अपने हाथ खींच लिए।

## चिल्हर की किल्लत से जूझ रहे व्यापारी

**डोंगरगढ़।** शहर के व्यापारी लंबे समय से चिल्हर की किल्ल्त से जूझ रहे है। मार्केट से चिल्हर के गायब से लेनदेने करने में दिक्कत हो रही है। परेशानी को देखते हुए व्यापारियों ने स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक से एक माह पूर्व संपर्क किया था। प्रबंधक ने चिल्हर मंगवाकर वितरित करने का आश्वासन दिया था।शहर के व्यापारी लगातार बैंक जाकर संपर्क करते रहे और उन्हे एक दो रोज में बंटवाने का आश्वासन मिलते रहा। जानकारी के अनुसार व्यापारियों ने गत 16 अक्टूबर को संपर्क किया तो बताया गया कि चिल्हर आ गई है। इस सूचना को व्यापारियों ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। शहर के व्यापारी चिल्हर के लिए बैंक पहुंचे तो बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि मात्र 8 से 10 व्यापारियों को चिल्हर बाँट दिया गया है। अन्य व्यापारियों अनुलब्धता बताकर लौटा दिया गया जिससे व्यापारियों में बहुत रोष व्याप्त है।

#### ग्राहक हलाकान

ग्राहकों और व्यापारियों की परेशानी से बैंक प्रबंधक को अवगत कराया गया तो उन्होंने बताया कि मात्र 30 हजार के 10 एवं 20 के सिक्के आए थे जिसे बाँट दिया गया है। बहरहाल बैंक के रवैए से व्यापारियों में रोष देखा जा रहा है। स्थानीय व्यापारी अब मामले की शिकायत स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर एवं रिजर्व बैंक से करने के मूड में हैं।

## सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रारंभ राष्ट्रव्यापी सीपीआर जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में बुधवार को एक विशेष सीपीआर जागरूकता एवं जीवनशैली सुधार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य निर्मला उमरे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं सदस्य नमिताभ जैन, भागचंद गिड़िया, राजेश यादव, आशीष सुरे, शिक्षकगण, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल राजनांदगांव के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. अतुल मनोहर देशकर एवं डॉ. प्रकाश खूंटे ने सीपीआर तकनीक की महत्ता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा केवल-संपीड़न सीपीआर का लाइव प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

छात्र-छात्राओं को कार्डियक अरेस्ट की पहचान, त्वरित सहायता के सही कदम एवं प्राथमिक उपचार की मूल बातें व्यवहारिक रूप से सिखाई गई। साथ ही "नींद, आहार और योग के माध्यम से जीवनशैली में बदलाव, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की ओर" विषय पर जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया गया। प्राचार्य निर्मला उमरे ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से युवाओं में आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने की जागरूकता बढ़ेगी। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि यह पहल स्वस्थ समाज की दिशा में महाविद्यालय का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एसआर कन्नौज एवं आभार प्रदर्शन जनभागीदारी समिति के प्रभारी प्रो. अनिल चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

## प्रतियोगिता में प्रस्तुति से नौनिहालों ने जीता दिल



**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से बारहवी तक के बच्चों ने उत्साह के साथ स्पर्धा में भाग लिया। स्पर्धा में बच्चों ने विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासिक पात्रों की वेशभूषा धारण कर चरित्रों को जीवंत किया। अधिकांश बच्चों ने राधा-कृष्ण का भेष बनाया। कक्षा नर्सरी के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस स्पर्धा में अदिति नाहटा, अर्पित कोठारी प्रथम, प्रसिव साहू, वंश देवांगन द्वितीय, अनय गुप्ता, शौर्य जैन तृतीय, केजी वन में भाविका साहू, त्रिशा भुआर्य प्रथम, याशिका सिन्हा, डुमेश बंजारे द्वितीय, उत्कर्ष मेश्राम, अर्हन रजा तृतीय, केजी टू में निष्ठा साहू, प्रिशा रंगारी प्रथम, अभिराज गुप्ता, वान्या कंवर, अन्वय साहू, अयांश सोनी द्वितीय, लक्ष्य देवांगन, धानया जैन तृतीय रहे। इसी तरह एकल नृत्य में क्लास वन में याचना प्रथम, प्रिशा द्वितीय एवं चहक तृतीय, क्लास-टू में फाल्गुनी प्रथम , अंशुमन द्वितीय, फलक तृतीय, क्लास थ्री में प्रांजलीन सोनी प्रथम, संस्कृति पटेल द्वितीय, रिषिका, अनंत पटेल तृतीय, क्लास फोर में आन्वी सोनी प्रथम, अरिसा यदु, लेखश्री साहू द्वितीय, झिलमिल अग्रवाल, लक्ष्मी देवांगन तृतीय, क्लास फाइव में प्रियांशी पंचारी, दिव्यांशी पटेल प्रथम, अंजली खंडेलवाल द्वितीय, एंजेल शर्मा, त्रिशा साहू तृतीय रही। छठवी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एकल गान स्पर्धा का आयोजन किया गया।

## डोंगरगढ़- खैरागढ़ मार्ग पर उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ से खैरागढ़ के बीच नया अछोली के पास सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। सड़क पर हाल ही में मुरम डालने के बाद पानी नहीं डालने से धूल फैल गई है। डोंगरगढ़ और खैरागढ़ संपर्क मार्ग पर दिनभर वाहनों की आवाजाही ने स्थानीय लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है।

इस मार्ग से जब ट्रक और बसें गुजरती हैं, तो इतनी धूल उड़ती है कि सामने कुछ दिखाई नहीं देता जिसके कारण दोपहिया वाहन चालकों को रुककर धूल के शांत होने का इंतजार करना पड़ता है। दृश्यता कम होने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। कुछ दिन पहले इसी मार्ग पर एक मोटरसाइकिल सवार सामने से आ रहे वाहन को न देख पाने से गिर गया है।



#### स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव

ग्रामीणों ने बताया कि धूल की वजह से आसपास के घरों, पेड़ों और दुकानों पर धूल की मोटी परत जम जाती है। बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और खांसी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि धूल उड़ने से ग्राहकी प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से कलकसा, देवकट्टा, ढारा, कन्हारगांव, नया अछोली सहित अन्य गांवों के सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं लेकिन वर्तमान में यह मार्ग लोगों की परेशानी का कारण बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मुरम डालने के दौरान ने तो पानी का छिड़काव किया गया और न रोलर से दबाया गया जिससे मुरूम अब धूल बनकर उड़ रही है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने की मांग की है ताकि धूल से निजात मिल सके। उन्होंने जल्द डामरीकरण करने की मांग की है।

### किया जा रहा ऋण पुस्तिका का वितरण

**राजनांदगांव।** भू-अभिलेख शाखा राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में पटवारियों द्वारा ऑनलाइन रिकार्ड में समय-सीमा में सुधार कार्य किया जा रहा है। साथ ही विगत महीनों में सभी तहसीलों में ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। जिसमें राजनांदगांव तहसील में 600, छुरिया तहसील में 500, घुमका तहसील में 100, डोंगरगढ़ तहसील में 300, लाल बहादुर नगर में 200, डोंगरगांव तहसील में 400 एवं कुमरदा तहसील में 300 नग ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। ऋण पुस्तिका के लिए उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया गया है एवं आवश्यकता अनुसार ऋण पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है।

### श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए श्रमिक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिले के असंगठित कर्मकारों के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना में 274 श्रमिकों को 2 लाख 29 हजार 750 रूपए, असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना में 293 श्रमिकों को 58 लाख 60 हजार रुपए, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 59 हितग्राहियों को 59 लाख रुपए कुल 626 श्रमिकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से कुल 1 करोड़ 19 लाख 89 हजार 750 रुपए हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।







समस्त नगरवासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
हाजी मोहम्मद गौस
डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)


सभी क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को
दीपावली एवं
गोवर्धन पूजा
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
धनेश पटिला
पूर्व अध्यक्ष छग राज्य
अंत्यवसायी वित्त विकास निगम
डॉ. थानेश्वर पटिला
महासचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी छग


सभी क्षेत्र वासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
लोक निर्माण विभाग
उप संभाग डोंगरगढ़


समस्त नागरिकों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
Happy
Diwali
श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल
विधायक, डोंगरगढ़


समस्त किसानों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 से
साफ और सूखाकर लाएं धान
सेवा सहकारी समिति मर्या. डोंगरगांव
श्री राम कुमार गुप्ता प्राधिकृत अधिकारी
प्रतीक सिंह ठाकुर समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. अर्जुनी
श्री चुनेश्वर साहू प्राधिकृत अधिकारी
श्री लिखन सोनकर समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. दिवानभेड़ी
श्री हेनू साहू प्राधिकृत अधिकारी
होरी लाल पटेल समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. कोकपुर
श्री खेमनलाल साहू प्राधिकृत अधिकारी
श्री कुन्दर साहू समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. खुर्शीटिकुल
श्री गोविंदलाल साहू प्राधिकृत अधिकारी
संतोष साहू समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. बादराटोला
श्री हिरेन्द्र कुमार साहू प्राधिकृत अधिकारी
टिकेश साहू समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. कुमरदा
श्री रामाधार चन्द्रवंशी प्राधिकृत अधिकारी
श्री मानकलाल साहू समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. चारभाठा कु.
श्री अनिरूद चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी
श्री धर्मेन्द्र कुमार पटेल समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. खुज्जी
श्री तखतराम सोनकर प्राधिकृत अधिकारी
श्री जितेन्द्र यादव समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. खुर्सीपार
श्री घनीराम चौधरी प्राधिकृत अधिकारी
श्री दिनेश कुमार साहू समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. किरगी
श्री अजय वैष्णव प्राधिकृत अधिकारी
श्री दिलीप कुमार यारदा समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. रतनभाट
श्री नीलकंठ साहू प्राधिकृत अधिकारी
श्री महेश देवांगन समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. गिदर्री
श्री हृदयराम चंद्रवंशी प्राधिकृत अधिकारी
श्री द्वारिका प्रसाद पटेल समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. मटिया
श्री कपिल बघेल प्राधिकृत अधिकारी
श्री कुंवर सिंह कंवर समिति प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति मर्या. पांगरीकला
श्री बोधन साहू प्राधिकृत अधिकारी
श्री डामन लाल साहू समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. उमरवाही
श्री कौशल चन्द्रवंशी प्राधिकृत अधिकारी
श्री मोहन जोशी समिति प्रबंधक


आप सभी को
दीपावली
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
शिक्षा विभाग
डोंगरगढ़


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपोत्सव
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
देवेन्द्र साहू
अध्यक्ष, नगर पंचायत
लालबहादुर नगर, डोंगरगढ़


24x7 सुविधा
IndianOil
इंडियनऑयल
IndianOil
दीपावली
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्रतीक फ्यूल्स
ऑइल एवं DLF यूरिया में विशेष छूट
हाईवे चौपाटी के बगल में नेशनल हाईवे नं.- 53, सड़क चिरचारी
HP GAS
जी हाँ!
HP
GAS
प्रतीक एच.पी. गैस एजेंसी
शहर/नगर : सीतागोटा, ग्रामीण क्षेत्र वितरक
डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव मो.नं. 7879055271
उज्ज्वला
नए गैस उज्जवला
कनेक्शन के लिए
फार्म लिए जा रहे हैं.
प्रतीक
फूड प्रोडक्ट
ग्राम सड़क चिरचारी
संपर्क : मो. 94255-63090, 94062-37120
(GST No. 22DDXPR9705D1ZH)
. विनीत .
प्रो. प्रतीक सिंह


समस्त नागरिकों को
दीपावली पर्व
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
रमन डोंगरे
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, डोंगरगढ़


पृथ्वीराज सेठ की दुकान
वर्धमान ज्वेलर्स
सोने व चांदी के निर्माता एवं विक्रेता।
सोने, चांदी के सिक्के, बर्तन, पूजा का सामान और
कार्पोरेट गिफ्ट के ढ़ेरों विकल्प
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाऐं...
YUG
GIA
इस धनतेरस को बनाइयें कुछ खास
क्योंकि वर्धमान समझता है आपके अपनों के जज्बात
कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।
गोलबाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) संभव लुनिया 88897-60000, वैभव लुनिया 96910-99977


खैरागढ़ की सबसे विश्वसनीय दुकान || विश्वास एवं शुद्धता का प्रतीक
बबलू सेठ की दुकान
जिनेन्द्र ज्वेलर्स एवं
जिनेन्द्र क्लॉथ स्टोर्स
सोने चांदी के आभूषणों एवं सभी प्रकार के कपड़ों के विक्रेता
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है।
सर्टिफाईड
राशि रत्न उपलब्ध
शुभ दीपावली
प्रो. चमन डाकलिया
पता- गुजराती हॉटल के सामने, दीवान बाड़ा, खैरागढ़
मो. 81094-71006, 94255-63224